[Placed in Library. *See* No. LT-193/96]

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): There will be a statement by the External Affairs Minister at 5 p.m. on CTBT. This is for the information of hon. Members.

RE: GOOD WISHES TO MOTHER TERESA FOR SPEEDY RECOVERY FROM HER ILLNESS.

SHRI S. PETER ALPHONSE (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir, I thank you for having granted me this opportunity of wishing one of our very great souls who has become a history during her own lifetime, a very happy birthday.

Mother Teresa, a living saint and an embodiment of all that is good in human life, celebrates her 86th birthday today. As a noble person who has tirelessly fought against poverty and hatred, she has won the lover and affection of the entire country irrespective of caste, creed and religion. We are really sad that she has been hospitalised for some illness and her health has become a cause of anxiety for the entire nation. On behalf of the Members of this House and, with your permission, I would like to wish herd happy birthday and also pray for her early recovery. We wish her a long life and good health.

SHRIMATI JAYANTHI NATRAJAN (Tamil Nadu): Sir, I just want to associate myself with my colleague, Mr. Peter Alphonse, to say that Mother Teresa is a beloved person, a person of peace and of love for her fellow human beings. We are all worried that she is seriously ill and is in the hospital. On the occasion of her birthday, we would like to convey our good wishes to her and pray for her speedy recovery.

THE LEADER OF THE OPPOSITION (SHRI SIKANDER BAKHT): Kindly make an announcemnet from the chair...(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): I also join the hon. Members in wishing her a happy birthday today. I also pray to God on behalf of all the hon. Members for her speedy recovery. She is a great soul who has served humanity, especially the poorer sections of the people.

Now we will take up the death of pilgrims to Amarnath Yatra...(*Interruptions*)... Shri Vijay Kumar Malhotra...(*Interruptions*)...Mr. Ahluwalia, you are third. Mr. Vijay Kumar Malhotra gave notice prior to you. The second speaker is Shri Shiv Charan Singh...(*Interruptions*)...

SHRI S.S. AHLUWALIA (Bihar): I had given the notice first...(*Interruption*)...

SHRI G. SWAMINATHAN (Tamil Nadu): We were informed by the Chairman that a statement will be made by the hon. Minister and thereafter we could speak. That is what we understood. That is why I did not give my name...(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN:(SHRI V. NARAYANASAMY): I will include your name...(*Interruption*)...

SHRI G. SWAMINATHAN: All of us have been under this impression. The Chairman said that a statement will be made by the Ministger and thereafter, we could seek clarifications. We are all waiting for the Minister...(*Interruption*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): The Chairman allowed hon. Members to raise the issue in the House during the Zero Hour. Those who have not given their names can give them now. They can also associate theselves. Mr. Vijay Kumar Malhotra, please be brief. There are nine Members who want to speak.

REFERENCE TO THE DEATH OF PILGRIMS OF AMARNATH YATRA

प्रो॰ विजय कुमार मल्होत्रा (दिल्ली): उपसभाध्यक्ष जी, मैं जब बोलने के लिए खडा होता हं तो आप दो

मिनिट बाद बोलना शुरू कर देते हैं। यह मामला ऐसा नहीं है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Please go to the subject.

प्रो॰ विजय कुमार मल्होत्रा: अभी मैं शुरू भी नहीं करता, बैल बजनी शुरू हो जाती है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, एक बहुत ही भीषण ट्रेजडी हुई है। अमर नाथ यात्रा पर गये हुए लाखों यात्रियों में से 160 से करीब, सरकारी आंकड़ों के अनुसार, यात्रियों की मृत्यु हुई है, सैकड़ों अस्पतालों में पड़े हुए हैं, हजारों इस समय वहां पर घिरे हुए हैं। जो आंकड़े गैर सरकारी हैं, उनके मुताबिक मरने वालों की संख्या 400 से ऊपर है और बहुत ही भीषण परिस्थितियों में वहां पर ये लोग इस समय हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं जानता हूं कि वहां पर वर्षा हुई है, बर्फ भारी हो गई जिसके कारण वहां पर लोगों की मृत्यु हुई है परन्तु यह केवल दैवी प्रकोप नहीं है। हम लोग इसका ठीक से इंतजाम नहीं करते हैं। हम लोग इसको एंटिसिपेट नहीं कर सके, जो कि हमें अच्छी तरह से करना चाहिये था। यह केवल पहली दुर्घटना नहीं है। 1970 में इसी प्रकार की दुर्घटना पहले हो चुकी है। उसके अन्दर भी बहुत से लोग मरे थे और उसके बाद कहा गया था कि आगे से ऐसी दुर्घटना नहीं होने दी जायेगी। क्यों नहीं वहां पर उचित प्रबन्ध किये गये? वहां के जो हालात इंडियन एक्सप्रैस और दूसरे अखबारों में दिये गये हैं उनसे स्पष्ट है कि वहां पर कोई सड़क नहीं है केवल पगडंडियों के जरिये दो-ढाई फीट चौड़े रास्ते से लाखों यात्री वहां जाते है और उसी तरह से उस रास्ते से वापस आते हैं। वहां पर घोड़ा, पालकी, पिट्ठू और पैदल यात्रियों को, सभी को उस रास्ते से जहां पर हजारों फीट गहरे खड्ड हैं, जाना पड़ता है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि इस मौके पर अगर सरकार ने इन सबका प्रबन्ध किया होता अगर इसको एंटिसिपेट किया होता या जब पहले दिन बारिस हुई, वर्षा के शुरू होते ही यह अंदाजा लगा लिया जाता है कि यह घटना हो सकती है तो उसको रोकने का इंतजाम हो सकता था। ये बहुमूल्य जानें बचाई जा सकती थी। सरकार ने यह नहीं किया। तीन दिनों तक सरकार सोई रही और जब जागी तब तक बहुत ज्यादा देर हो चुकी थी। आज होम मिनिस्टर चार दिन बाद वहां पर जा रहे हैं, चार दिन के बाद वहां पर जाने का प्रयास कर रहे हैं। वहां पर सारे रास्ते में कहीं किसी हास्पिटल का कोई इंतजाम नहीं किया गया और यह सोचा गया कि पहलगाम या चंदनवाड़ी या शेषनाग या पंचतरणी में थोड़ा इंतजाम कर दिया जाए। जब रास्ते टूट गए और लोग बीच में घिर गए तो उनके लिए न दवाइयों का इंतजाम था, न खाने का इंतजाम था और न उन लोगों को लाने का इंतजाम था। वे लोग वहां पर एड़ियां रगड़कर मरते रहे, चिल्लाते रहे लेकिन कोई उनको देखने वाला नहीं था, कोई उनको बचाने वाला वहां पर नहीं था। उपसभाध्यक्ष महोदय, वहां पर सरकार ने पहले इंतजाम क्यों नहीं किया, कोई रास्ता क्यों नहीं बनाया। मैं इसमें मुकाबला नहीं करना चाहता परन्तु हज यात्रियों के जाने पर सरकार 40-50 करोड़ रुपये खर्च करती है लेकिन अमरनाथ की यात्रा पर जो लोग गए उन पर 50 रुपया जजिया लगा दिया गया। पहली बार यह किया गया कि 50 रुपया हर यात्री को देना पड़ेगा। आपने उनके ऊपर 50 रुपये लगाने के बाद भी वहां पर रास्ता ठीक करने के लिए और बाकी इंतजाम के लिए एक पैसा भी खर्च नहीं किया, कोई इंतजाम नहीं किया। जब यात्री पिस्सू घाटी के ऊपर चढ़ते हैं तो एक फुट की पगडंडी है, जिस पर लाखों आदमियों को जाने को मजबूर होना पड़े। उपसभाध्यक्ष महोदय, उसके बाद भी न रेलों का इंतजाम हुआ और न कोई और इंतजाम हुआ। वहां से कोई स्पेशल ट्रेन तीन दिन बाद तक भी जम्मू से लोगों को लेकर दिल्ली नहीं आ सकी। एक भी एडिशनल ट्रेन नहीं चलाई। आज, शायद, पहली ट्रेन वापस आएगी। वहां पर सात नार्मल ट्रेनें चलती हैं। वहां से किसी एडिशनल ट्रेन चलाने की जरूरत नहीं थी। एडिशनल ट्रेनें न चलाकर वहां पर जब बात बढ़ गई तो हवाई जहाजों के जरिए या हैलीकाप्टरों से लोगों को निकालने का काम किया गया।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं बहुत गंभीरतापूर्वक कहना चाहता हूं कि यह ट्रेजडी जो हुई है, इसको बचाया जा सकता था और ये लोग बच सकते थे। यह सरकार जो इन नृशंस हत्याओं के लिए जिम्मेदार है, इस सरकार को इस्तीफा देना चाहिए और गृह मंत्री को त्यागपत्र दे देना चाहिए। वहां के गवर्नर दिल्ली में बैठे हुए हैं। वहां के चीफ सेक्रेटरी दिल्ली में बैठे हुए हैं। वहां पर कोई मिलेटरी को लगाने के लिए तैयार नहीं था। मिलेटरी को कांटेक्ट करने वाला वहां पर कोई नहीं था। दुर्घटना के दो दिन बाद, तीन दिन बाद यह मिलेटरी के हवाले किया गया। आज कहा गया है कि मिलेटरी के हाथ में यह पूरी तरह से दे दिया जाएगा। अगर पहले ही दिन मिलेटरी के हाथ में दे दिया होता तो यह स्थिति नहीं होती। छड़ी मुबारक हमेशा सबसे पहले जाती है और छड़ी मुबारक के पीछे सारे यात्री जाते हैं। छड़ी मुबारक को हवाई जहाज के जरिए वहां पर पहुंचाने की कोशिश की जा रही है जब कि यात्रा खत्म हो गई है या यात्रा खत्म कर दी गई है। यात्रा खत्म हो गई है या खत्म कर दी गई है इसमें भी कंट्राडिक्शन है। दो-तीन दिन तक टी॰वी॰ कहता रहा कि यह यात्रा खत्म कर दी है और आज कहा गया कि यात्रा चालू रहेगी। यानी यह भी सरकार को मालूम नहीं है कि यात्रा सस्पेंड है, खत्म है या चालू रहेगी। जो लोग जम्मू मे हैं, जो लोग ऊधमपुर में हैं वे लोग आगे बढ़ें या

वापस आ जाए, इसके बारे में कोई इन्फर्मेशन देने वाला नहीं है। इतनी बद-इंतजामी के लिए सरकार को इस्तीफा देना चाहिए और सरकार को इसकी जिम्मेदारी पूरी अपने ऊपर लेनी चाहिए।

श्री शिव चरण सिंह (राजस्थान): मान्यवर महोदय, अमरनाथ में जो कुछ हुआ है या माननीय मल्होत्रा जी ने बताया। वहां के गवर्नर की नेग्लीजेंस देखिए, वे तीन-चार दिनों तक दिल्ली में बैठे रहे और वह वहां अपना चार्ज या अपनी जिम्मेदारी किसी को संभलवाकर नहीं आए कि अगर इमरजेंसी में कोई घटना घट जाए तो कौन उसको देखेगा। इतनी बड़ी घटना घटने के बाद उन्होंने कोई परवाह नहीं की, इतने आदमियों के मरने के बाद कोई परवाह नहीं की और जिन के लोग मरे हैं उनको सूचना तक नहीं दी गई। आज आपको अखबारों से पता चला होगा कि दिल्ली के मुख्य मंत्री ने उनको यहां लाने की जिम्मेदारी ली है और उसका सारा खर्चा दिल्ली सरकार वहन करेगी। कश्मीर की सरकार, भारत सरकार को इतनी कर्टसी तक भी नहीं है कि वे मरने वाले लोगों को यहां लाये और उसका खर्चा वहन करें। एअर इंडिया या इंडियन एयरलाइंस को उनको यहां लायें और खर्चा उठायें। वहां पर यात्रियों के लिए रेल के वैगन भी नहीं पहुंचे और जो पहुंचे वे कम वैगन थे, इसलिए यात्री वापस नहीं आ सके। बस के रास्ते बंद थे रेल के अलावा कोई चारा नहीं था। यह जो घटना घटी है यह बहुत शर्मनाक है और केन्द्र सरकार को इसकी जिम्मेदारी अपने सर पर लेनी चाहिए और तत्काल इस्तीफा देना चाहिए।

श्री एस० एस० अहलुवालिया (बिहार): उपसभाध्यक्ष महोदय, अमरनाथ यात्रा में दर्शनार्थियों के साथ जो कुछ भी घटना घटी है, बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण है। पहले भी उज्जैन में धर्मार्थियों और दर्शनार्थियों के साथ जो घटना घटी या हरिद्वार में घटना घटी, वहां पर यह देखने में आया कि सरकारी बंदोबस्त बहुत ढीला रहता है जिसके कारण यह दुविधाएं दर्शनार्थियों को होती है। अमरनाथ भारत का बहुत बड़ा तीर्थ स्थान है, जहां हर साल श्रावण मास में लाखों लोग सारे भारत से आते हैं, कन्याकुमारी से आते हैं कच्छ से आते हैं, कोहिमा से आते हैं। सब लोग वहां शिव की अराधना करने के लिए वहां जाते हैं, जल चढ़ाने जाते हैं। उस अमरनाथ यात्रा में श्रावण की पूर्णिमा के नज़दीक आते जाते भीड़ का दौर बढ़ता जाता है, यात्रियों का दौर बढ़ता जाता है। मैं इसलिए यह बात उठा रहा हूं कि आज हमारे पास दो दिन, तीन दिन, चार दिन के बाद, कैसा क्लाइमेट रहेगा, उसका आभास कराने के लिए सेटेलाइट हैं और सेटेलाइट के माध्यम से हम अनाऊंसमेंट करते है, व्यवस्था करते हैं पर इस केस में हमारे यहां की कश्मीर सरकार की जो व्यवस्था थी, वह बिलकुल फेल कर गई है। वहां पर उन्होंने कोई ऐसी व्यवस्था नहीं की। जब उन्हें पता लगा कि बारिश हो रही है, उस बारिश में फिसलन है, चढ़ाई है, छोटी-छोटी पगडण्डियां हैं, वहां लोग फिसल कर गिरते हैं, किसी तरह से वह यात्रा भगवान शिव का नाम लेते हुए, बोल बम का नारा लगाते हुए, भगवान शिव की अराधना करते हुए शिव लिंग के दर्शन करने के लिए वहां पर उपस्थित होते हैं। परन्तु उनकी जो व्यवस्था है वह धार्मिक लोग ही करते हैं। आपने देखा होगा यात्रा के पूरे रास्ते में जो धार्मिक लोग हैं या जो डिवोटी हैं, जो शिव के उपासक हैं, वे लोग खाने की व्यवस्था, चाय की व्यवस्था, कॉफी की व्यवस्था करते हैं। वहां जो दर्शनार्थी लोग जाते हैं उनकी व्यवस्था करते है। मैं यह पूछना चाहता हूं कि उनके लिए सरकार की क्या व्यवस्था होती है? सरकार की व्यवस्था से जब अनाऊंसमेंट हो रही थी, जब लोग मर रहे थे, ठंड से कांप रहे थे, कोई डाक्टर उपलब्ध नहीं था, दवा उपलब्ध नहीं थी, कोई टेंट उपलब्ध नहीं था, लैड-स्लाइड हो रहे थे, पत्थर गिर रहे थे, वृक्ष गिर रहे थे, उस वक्त कैम्पों में रहने के लिए कोई जगह ही नहीं थी। अनाऊंसमेंट क्या हो रही थी कि आप सब यात्री लोग कैम्पों में शरण लें। कैम्पों में जगह नहीं थी। बार बार यह अनाऊंसमेंट हो रही थी कि अगर आपको कैम्पों में घुसने नहीं दिया जाए तो आप आ कर रिपोर्ट करें। इसका मतलब यह हुआ कि कैम्पों में उनको घुसने नहीं दिया जा रहा था क्योंकि केम्पों में जगह ही नहीं थी। इतनी बड़ी संख्या में दर्शनार्थी वहां जाते हैं लेकिन उनके लिए व्यवस्था नगण्य थी, बहुत कम व्यवस्था थी। वहां पर लोग ठहर नहीं सकते थे। आरोप यह लगाया कि जो मारे गये हैं वह गरीब लोग थे, साधु थे, अधनंगे थे, उनके शरीर पर कपड़े नहीं थे। क्या था, क्या नहीं था, यह सारी व्यवस्था सरकार की तरफ से उनके लिए की जानी चाहिये थी। सरकार द्वारा लोगों को इस बात के लिए आगाह किया जाना चाहिये था कि ऊपर जा कर बर्फ गिर सकती है, ठंड पड़ने वाली है, बारिश होने वाली है। मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या उनको इस बात के लिए आगाह किया गया था? इसकी पूरी छानबीन करने की जरूरत है। और भी दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि आज पांचवां दिन हो गया है, सरकार अब तक सोई हुई है। कल जब पता लगा कि संसद् का सत्र प्रारम्भ हो रहा है तो गृह मंत्री को यह निर्देश हुआ कि

वहां जा कर देख कर आएं और अभी तक वहां के कर्मचारियों और अफसरों ने क्या किया है, वह सब इस सदन के सामने रखें। गृह मंत्री जी जब अपनी रिपोर्ट ले कर आएंगे तब आएं किन्तु उसके पहले इस सदन के सामने पूरी रिपोर्ट रखी जाए कि वहां के यात्रियों के लिए क्या व्यवस्था की गई थी। समुचित व्यवस्था के न होने के कारण इतने लोगों की जानें चली गईं। जिस शिव के आशीर्वाद से लोग उम्र मांगते हैं, जिस शिव के आशीर्वाद से एक निस्संतान मां बच्चे की दात मांगती है, जिस शिव के आशीर्वाद से लोग स्वस्थ जीवन मांगते हैं, शिव की उपासना करते हुए हमारी अव्यवस्था के कारण लोग मारे जाएं, यह बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं चाहता हूं कि इस पर एक हाई लेवल इन्क्वायरी हो और इस इन्क्वायरी में जो लोग दोषी पाए जाएं उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही हो। किन्तु उससे पहले आज सदन में सरकार ने जो व्यवस्था पिछले चार दिनों के अन्दर की, उसका विवरण सदन के सामने रखा जाए ताकि हम इस पर पूरी बहस कर सकें। धन्यवाद।

श्री राघवजी (मध्य प्रदेश): उपसभाध्यक्ष जी, आज दिन तक किसी प्रशासन द्वारा इतना अपराधिक लापरवाही का मामला नहीं देखा गया जैसे इस बार देखने को मिला है। पिछली बार भी इस सदन में उज्जैन और हरिद्वार के मामले की चर्चा हुई थी। वहां पर दर्जनों लोग अव्यवस्था के कारण मारे गए थे। तब शासन पक्ष की ओर से यह कहा गया था कि अब ऐसे मौके कभी नहीं आने देंगे। लेकिन अभी कुछ महीने भी नहीं बीते हैं कि उसके बाद एक ऐसा मौका आ गया जिसमें 400 लोगों के मरने की आशंका व्यक्त की जा रही है। आज भी वहां 90 हजार यात्री फंसे हुए हैं, उनको निकालने की कोई व्यवस्था नहीं है। रेल विभाग सो रहा है। कोई स्पेशल ट्रेनों की व्यवस्था वहां पर नहीं की जा रही है और जो यात्री मारे गए हैं वे केवल धार्मिक यात्री नहीं थे। आतंकवादियों को चुनौती देते हुए, अपना सीना आगे करते हुए यात्रा के लिए प्रशस्त हुए थे एक दो की संख्या मे नहीं बल्कि डेढ़ लाख की संख्या में ऐसे साहसी नागरिक हिंदुस्तान से वहां पर निकले थे। वहां पर उनकी सुरक्षा का प्रबंध होना चाहिए था। लेकिन कोई प्रबंध आज तक नहीं किया गया। इतने वर्ष बीत गए, रास्ते सुधारने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गयी। रास्ते ठीक प्रकार से सुधारे जाते, पड़ावों की व्यवस्था होती, दवाई की व्यवस्था होती, मौसम कैसा हो रहा है इसकी जानकारी समय-समय पर होती रहती तो यह दुर्घटना जो घटी है वह नहीं घटती। फिर मुआवजा क्या दिया जा रहा है? जो रायट्स में मारे जाते हैं, दंगों में मारे जाते हैं उनको दो लाख रुपए का मुआवजा मिलता है और इन यात्रियों के लिए केवल 50 हजार रुपए की घोषणा की गयी है। इन लोगों के लिए क्यों नहीं दो लाख रुपए के मुआवजे की घोषणा की जाती है। दूसरा, लाशों को वहीं पर जलाया जा रहा है। रिश्तेदारों को बुलाकर उनको सौंपने की व्यवस्था नहीं है। इसलिए लाशों को रिश्तदारों को सौंपने की व्यवस्था की जाए यह मेरी मांग है। मुआवजे की जो राशि है यह 50 हजार रुपये से बढ़ाकर कम से कम 2 लाख रुपए की जाए और ट्रेनों की, हवाई जहाजों तथा हेलीकाप्टर्स की व्यवस्था इतनी पर्याप्त की जाए कि यात्री सुविधा से अपने-अपने घरों पर पहुंच सकें। आज भी 90 हजार यात्री इस यात्रा में फंसे हुए हैं। यह जो अपराधिक लापरवाही हुई है इस पर सरकार को तुरंत त्यागपत्र देना चाहिए। वहां के गवर्नर को हटाना चाहिए और जिम्मेदारी अधिकारियों को जिन्होंने लापरवाही बरती है उनको हटा देना चाहिए। दुर्भाग्य की बात यह है कि इसकी सूचना सेना को समय पर नहीं दी गयी। 40 घंटे बीत गए। सेना इंतजार करती रही कि उनकी मदद मांगी जाए। लेकिन उनकी मदद नहीं मांगी गयी। बहुत विलम्ब से मदद मांगी गयी। अगर समय पर मदद मांगी गयी होती तो यह दुर्घटना जो इतनी बड़ी हुई है इतनी नहीं होती। इसलिए यह अपराधिक लापरवाही है इसके लिए दोषी व्यक्तियों को सजा देनी चाहिए। सरकार को तुरंत त्यागपत्र देना चाहिए यह मेरी मांग है।

श्री सुरेश पचौरी: (मध्य प्रदेश): मान्यवर, हमारे देश में हमेशा श्रधा और भक्ति भाव से श्रद्धालु तीर्थ स्थानों पर जाते हैं। ऐसा ही एक तीर्थ स्थान अमरनाथ है जहां बहुत ही श्रद्धा और भक्तिभाव से सनातन धर्म में विश्वास रखने वाले लोग भगवान महादेव की आराधना करने वहां जा रहे थे। तेज बारिश, बर्फ गिरने, कड़ाके की ठंड और जमीन धंसने की वजह से वहां यह अप्रत्याशित बात हुई जिसकी वजह से हजारों लोग काल के गाल में चले गए। मान्यवर, हजारों तीर्थ यात्री पंचतरणी और शेषनाग में फंस गए जहां से बमुश्किल उन्हें पास में सोनमर्ग पहुंचाया गया। जो लोग भगवान महादेव के दर्शन करने एवं अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए अमरनाथ गए थे उनमें से अधिकांश के परिवार अनाथ हो गए। अमरनाथ में जाकर परिवार अनाथ हों यह बात बड़ी अकाल्पनिक लगती थी लेकिन सरकारी अव्यवस्था की वजह से यह सब भी हो गया। हमारे यहां जैसे हमारे साथी अहलुवालिया जी ने बताया कि इससे पहले भी ऐसी दुर्भाग्यजनक बात हुई थी। उज्जैन और हरिद्वार में भी ऐसी ही बात हुई थी। उसके बाद

सरकार को सचेत हो जाना चाहिए था जहां भारी संख्या में लोग बड़ी श्रद्धा से तीर्थ यात्री जाते हैं ....।

वहां पहले से ही समुचित व्यवस्था सावधानी के बतौर की जानी थी और खास तौर से ऐसे मौसम में, क्योंकि सावन के महीने में अमरनाथ में श्रद्धालु जाते हैं, इसलिए मौसम विज्ञान का सहारा लेना बहुत आवश्यक था। यह जानना बहुत आवश्यक था कि आगे आने वाले कुछ दिनों में कितनी बारिश होगी और जो कड़ाके की ठंड पड़ेगी उसकी वजह से वहां की जमीन पर किस प्रकार का प्रभाव पड़ेगा। यह संभावना पहले से ही व्यक्त की जा रही थी बल्कि यदि वहां के स्थानीय समाचार-पत्रों और पत्रिकाओं को देखें तो उनमें इस बात को जाहिर किया गया था कि अमरनाथ के यात्री कई प्रकार की विषम परिस्थितियों से गुजर सकते हैं। एक परिस्थिति यह थी कि आतंकवादियों ने उनको धमकी दी थी कि अमरनाथ यात्रा नहीं करने देंगे। सरकार उन आतंकवादियों की धमकी से निपटने के लिए पुलिस की व्यवस्था में एक तरफ लगी रही, परन्तु दूसरी तरफ जमीन धंस सकती है, मौसम किस प्रकार का होगा, उसका सामना करने के लिए एहतियात के तौर पर क्या कदम उठाए जाने चाहिए, पहले से पर्याप्त संख्या में हेलीकॉप्टर की कितनी व्यवस्था होनी चाहिए, मिग-17 हेलीकॉप्टर कुछ कितने लोगेंगे बल्कि वे पर्याप्त संख्या में भी नहीं थे, जब लोग पंचतरणी और शेषनाग में फंस गए तो सोनमर्ग पर पहुंचाने के लिए कुछ मिग-17 हेलीकाप्टर प्रयोग में लाए गए। लेकिन वे भी पर्याप्त संख्या में नहीं थे। आज की तारीख तक, आज की सुबह तक महोदय, मैं जानकारी दे रहा हूं, अभी तक पर्याप्त हेलीकाप्टर की व्यवस्था नहीं की गई। यह स्थिति है और मिलिट्री को .... जो रेस्क्यू आपरेशन में इंस्ट्रक्शंस लोकल एडमिनिस्ट्रेशन की तरफ से मिलने चाहिए जब तक वे नहीं मिलते हैं तब तक डिफेंस फोर्सेस एक्टिव नहीं हो पाती हैं। तो जो लोकल एडमिनिस्ट्रेशन की तरफ से पर्याप्त इंस्ट्रक्शंस मिलने चाहिए वे इंस्ट्रक्शंस डिफेंस फोर्सेस को डिफेन्स पर्सनल्ज़ को आज की सुबह तक प्राप्त नहीं हो पाए थे और उसका नतीजा यह है कि 40 से अधिक शव तो पंचतरणी से बलटाल लाए गए और बहुत ज्यादा संख्या में शव अभी भी वहां हैं। यह बात कही गई कि उनको 50-50 हजार रुपये कंपेसेशन दिया जा रहा है। मौत की कोई कीमत नहीं होती मान्यवर, लेकिन जैसा मेरे पूर्व वक्ताओं ने बताया कि जो तीर्थ यात्री बड़े श्रद्धाभाव से वहां गए उन्हें कम से कम दो लाख से पांच लाख के बीच में कंपेसेशन दिया जाना चाहिए, क्योंकि यह बहुत दुख की बात है जो हर-हर महादेव का जयकारा लगा रहे थे स्थिति वहां ऐसी हो गई कि लोग बचाओ-बचाओ से त्राहि-त्राहि कर रहे थे। जो हमारा देश धार्मिक परंपराओं के लिए जाना जाने वाला देश है वहां यह सब हो तो यह सब हमारे लिए बहुत दुर्भाग्यज़नक है।

मान्यवर, मैं एक बात कह कर अपनी बात समाप्त करना चाहूंगा। हमारे मध्य प्रदेश से भी कई तीर्थ यात्री वहां दर्शन करने के लिए गए थे। कई परिवार बहुत चिंतित थे, हमने वहां के पुलिस नियंत्रण कक्ष जो कि पर्याप्त स्थिति में काम नहीं कर रहा है, जिसका टेलीफोन नं० 452138 दे रखा था, हमने वहां टेलीफोन किया। हमारे प्रदेश के लोग चिंतित थे। वे हमारे माध्यम से जानकारी चाहते थे। कोई जिम्मेदार व्यक्ति उस पुलिस नियंत्रण कक्ष में नहीं था। उसके पास कोई सूची नहीं थी कि कितने लोग मृतक हुए हैं। कोई जिम्मेदार आदमी यह बताने को तैयार नहीं था कि कितने लोग मारे गए हैं। इस प्रकार गैर जिम्मेदाराना ढंग से पहले भी सरकार ने काम किया है। यह हादसा होने के बाद फिर पुलिस नियंत्रण कक्ष में बैठे हुए लोग गैर जिम्मेदाराना ढंग से काम करें यह अपने आप में बहुत दुर्भाग्यपूर्ण बात है। इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से यह निवेदन करना चाहूंगा, यद्यपि सरकार अपना स्टेटमेंट दे लेकिन सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि भारी संख्या में श्रद्धाभाव से जब तीर्थयात्री कहीं जाते हैं तो एहतियात के तौर पर, सावधानी के तौर पर पूर्व संकेत और संभावनाओं की .... **(व्यवधान)** जानकारी लेते हुए सरकार को समुचित कदम उठाने चाहिएं और सरकार को इस संबंध में वक्तव्य देना चाहिए और जिन अधिकारियों की ड्यूटी वहां लगी थी उनके खिलाफ एक्शन होना चाहिए और जो गवर्नर साहब लंबे समय तक दिल्ली में बैठे रहे, सीधे वहां नहीं गए, उनसे भी इस मामले में जांच तलब करनी चाहिए।

धन्यवाद।

श्री अजीत जोगी (मध्य प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदय, यह हृदय-विदारक घटना जोकि प्रशासन की बदइंतजामी और गैर-जिम्मेदाराना कार्यवाही की पराकाष्ठा का प्रत्यक्ष प्रमाण है, उस के बारे में मेरे माननीय मित्रों ने पूर्व में कहा है। मैं उस की पुनरावृत्ति न करते हुए केवल एक-दो बातें अपनी ओर से जोड़ना चाहता हूं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, एक बात तो बिल्कुल स्पष्ट है कि यह जो कुछ हुआ वह केवल नैसर्गिक कारणों या

प्राकृतिक कारणों से नहीं हुआ है बल्कि पूर्वानुमान न किए जाने, सही प्रशासनिक व्यवस्था नहीं करने और बद-इंतजामी के कारण इतनी बड़ी दुर्घटना हुई। इसलिए यह जरूरी नहीं है कि कोई प्रशासनिक जांच कर के हम संतुष्ट हो जाएं या कोई न्यायिक जांच कर के संतुष्ट हो जाएं। महोदय, यह पूरे देश की आस्था और भावना से जुड़ा हुआ प्रश्न है और इस की पुनावृत्ति न हो, इसलिए मैं आप के माध्यम से यह निवेदन करता हूं कि संसद के दोनों सदनों की ओर से ज्वाइंट पार्लियामेंटरी कमेटी बनायी जाए जो कि इस घटना के कारणों को देखे कि बद-इंताजमी क्यों हुई और इस के लिए कौन लोग जवाबदेह थे?

महोदय, हम दुख प्रकट कर देते हैं, शोक प्रकट कर देते हैं, अपनी भावनाएं प्रकट कर देते हैं, पर जो लोग जवाबदेह होते हैं, उन पर कोई कार्यवाही नहीं होती और फिर इस तरह की घटनाएं होने लगती हैं। इसलिए यह काम संसद को अपने हाथ में ले चाहिए। यह जांच और किसी को न सौंपकर संसद के दोनों सदनों की कमेटी बनाकर यह जांच हमें करनी चाहिए और जवाबदेही तय करनी चाहिए और इस जांच के कार्य के पहले एक-दो बातें और की जानी चाहिए। महोदय, मैं माननीय सदस्यों से बिल्कुल सहमत हूं कि मुआवजे की राशि 50 हजार बहुत कम है। हम मनुष्य के जीवन की कीमत भी अलग-अलग रूप में आंकने लगे हैं: कहीं मरने पर 2 लाख रुपए देते हैं और कहीं 5 लाख रुपए देते हैं, लेकिन यहां हम सिर्फ 50 हजार रुपए दे रहे हैं। महोदय, यहां 2 लाख की मांग की गयी है। मैं इस बात को दोहराना चाहूंगा कि इस से पहले कि यह जांच स्थापित की जाए, सब से पहले ऐसे लोग जो प्रभावित हुए हैं, उन के परिवार के लोगों को कम-से-कम 2 लाख रुपए की मुआवजा राशि दी जाए। महोदय, मैं प्रशासन में रहा हूं, इसलिए मैं जानता हूं कि जब भी ऐसी परिस्थिति उत्पन्न होती है, जब परिस्थिति हाथ से निकल जाती है तो हमें सेना की तत्काल मदद लेनी चाहिए। महोदय, कानून और व्यवस्था की स्थिति के लिए भी सेना की तत्काल मदद ली जाती है और सेना की मदद लेने की लिए जब तक डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट सेना को रिक्वीजीशन नहीं करते तब तक सेना मदद नहीं कर सकती। महोदय, वहां सेना एलर्ट खड़ी हुई थी, पर जिलाधिकारी ने सेना को रिक्वीजीशन नहीं किया। यह क्यों नहीं किया, इस बात की तह में भी जाना चाहिए। महोदय, मैं इस बात से भी सहमत हूं कि जब इतनी बड़ी दुर्घटना हो रही थी, जम्मू-काश्मीर के राज्यपाल ने इस तरफ ध्यान नहीं दिया। वे केवल आतंकवादियों से इन यात्रियों को, इन श्रद्धालुओं को बचाने की तरफ अपना ध्यान लगाए हुए थे। उन का आने-जाने की व्यवस्था की तरफ ध्यान नहीं था। यह भी एक गंभीर त्रुटि उन की ओर से हुई है और प्रशासन से इस के लिए इंतजाम की जो अपेक्षा थी, वह बिल्कुल नहीं देखी गयी। महोदय, मैं 4-5 दिन पूर्व हरिद्वार गया था। मैने वहां देखा कि बहुत बड़ी संख्या में यात्री अमरनाथ यात्रा पर पिछले वर्षों की अपेक्षा जा रहे थे। इस बार 3-4 गुना लोग गए थे। शायद इस के पीछे उत्तर प्रदेश में बनाया गया धार्मिक माहौल एक कारण रहा होगा जिस कारण इतनी बड़ी संख्या में लोग वहां जा रहे थे।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Kindly conclude.

श्री अजीत जोगी: इसलिए इंतजाम को ठीक करना था, मैने प्रारंभ में ही इस बात में कहा था और उन बातों की पुनरावृत्ति नहीं करना चाहता, उन्हें दोहराना नहीं चाहता। लुब्बे-लुबाब यह है कि, सार यह है कि ज्वाइंट पार्लियामेंटरी कमेटी से इस की प्रोब होनी चाहिए और जो भी इस घटना के लिए जवाबदेह हैं, उन को दंडित किया जाना चाहिए। मृतकों के परिवारजनों को मुआवजा राशि तत्काल दी जानी चाहिए, अधिकारियों पर तत्काल कार्यवाही होनी चाहिए और गवर्नर पर तत्काल कार्यवाही होनी चाहिए।

SHRI SURINDER KUMAR SINGLA (Punjab): Mr. Vice-Chairman, Sir, this is not the first tragedy of its kind. Almost every Member of this House who spoke on this incident has expressed his views and quoted the incidents of Haridwar and Ujjain where tragedies at religious congregations had happened. The Government should have learnt a lesson from those tragedies, but it did not. That is why I am really wondering whether I should address this issue to the Government at all. As was rightly stated by my colleague, Shri Ajit P.K. Jogi, let there be a Joint Committee not only for this particular incident but also for all religious *melas* and congregations. I supplement to what Mr. Jogi has said. Let a religious fund be created at the national level to treat all faiths equally-not just, a certain faith by giving Rs. 50 crores to help pilgrims to be comfortable on their

visit to religious places. Why not people of all religions be treated equally? Let there be a Central Government fund, may be, around a hundred crores of rupees or two hundred crores of rupees through which facilities could be created. Everybody knows that on the way to Amarnath, there is no road route built for the past fifty years. It is possible to build one if you are interested in avoiding tragedies of this kind in future. You cannot stop people from going because it is such a revered place for Hindus. You cannot stop them by saying that a number of natural calamities take place. We have to have a permanent answer where pilgrims of all faiths are fully respected. Let there be proper facilities given to all people.

Sir, I would say that this tragedy should not be ignored. An inquiry needs to be ordered to find out why it happened.

It should not have happened. It should have been avoided. Ujjain and Hardwar incidents are fresh in our memory.

Secondly, India's Home Minister has gone to Kashmir today. It is more than four days. What was he doing in Calcutta? Was it such an urgent matter that he could not really fly over to Kashmir? I think, the responsibility is so much. I have been repeating quite often that India's Home Minister does not really find time to attend to national emergencies. As I have said, the Government must explain when the Home Minister is going to make a statement-as to what the circumstances are that led to this tragedy. Partly it is a natural calamity, one would share the concern on that. The other aspect is of avoiding such tragedies taking place. There should have been precautionary measures taken by the Government. They were not. I expect the Government to explain the circumstances that led to this ghasty tragedy. It is shameful to say that even today, three days after the incident took place, rescue operations are not in full swing. Only a small number of people have been airlifted from that area. There are no arrangements. My friend Mr. Pachouri was saying that he was worried. He was mentioning about one telephone number. I can tell him and share with the whole House that Kashmir House does not have any information on anything. People want to know what happened to their relatives, what happened to their brothers and sisters. There is no system to enquire about. Neither the Government of India nor anybody else has opened up any office. There have been incidents in this country when Government of India opened up offices to tell the latest information. In this case, neither the Government of India nor the State Government of Jammu and Kashmir through the Kashmir House has done anything. Is this the way to deal with such a national tragedy?

Lastly, I would request you, and through you the Government, that the Government should create a fund with a minimum amount of Rs. 200 crores to provide facilities for pilgrims who go to religious places. Otherwise, such tragedies would recur in future. This should not be allowed to happen.

DR. BIPLAB DASGUPTA (West Bengal) Sir, I share the sentiments expressed by the Members on this tragedy. I do not wish to repeat the same points again and again. I also agree that the compensation given should be adequate enough.

But even the maximum amount of compensation you can think of will not bring back the people who have died. An administrative inquiry of some sort has to take place. We have to decide whether what has happened could have been predicted or not and whether proper administrative meausres have been taken or not. So, again the question arises what form this inquiry should take. I am expressing an opinion on it. I do not think this is a subject for a Joint Parliamentary Committee, as some of the friends have

suggested. Certainly, some sort of administrative inquiry has to take place to find out whether there have been any administrative lapses. I fully share....*(Interruptions)*...

SHRI AJIT P.K. JOGI: Why not JPC? ...*(Interruptions)*

DR. BIPLAB DASGUPTA: It is my opinion..... *(Interruptions)*... You may not agree to it....*(Interruptions*.... This is my opinion.

SHRI AJIT P.K. JOGI: Because the Home Minister is from your party.... *(Interruptions)*....

DR. BIPLAB DASGUPTA: Do not politicise the issue. ....*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Mr. Jogi, let him make his point ....*(Interruptions)*....Kindly do not interrupt.

DR. BIPLAB DASGUPTA: Some Members are trying to politicise this issue ...*(Interruptions)*... We are discussing a tragedy and some Members are politicising it.

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA: How can you defend the Home Minister? ...*(Interruptions)*... How can you defend him?...*(Interruptions)*....इस ट्रेजेडी के लिए जिम्मेदार कौन है?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Let him make his point....*(Interruptions)*....

SHRI VISHNU KANT SHASTRI (Uttar Pradesh): He has visited the place only now....*(Interruptions.)*.... He should have visited the place earlier. मंत्री जी को जाना चाहिए था....(व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्री वी॰ नारायणसामी): शास्त्री जी, आप बैठिए ना...(व्यवधान)

SHRI SURINDER KUMAR SINGLA: Who is responsible if the Home Minister is not responsible? .....*(Interruptions)*.... Is the Governor not responsible? ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): One minute, please. ...*(Interruptions)*... The Minister of Parliamentary Affairs wants to say something.

SHRI AJIT P.K. JOGI: Is the Governor not responsible? *(Interruptions)*... Is the Home Minister not responsible? ....*(Interruptions)*...

श्री राघवजी: गृह मंत्री अपनी जिम्मेदारी से कैसे बच सकते हैं?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) Mr. Ajit Jogi, kindly take your seat.

SHRI AJIT P.K. JOGI: They do not want a JPC because they want to save the Home Minister. ....*(Interruptions)*...

VICE-CHAIRMAN: (SHRI V. NARAYANASAMY): *Mr. Jogi, please take your seat. The Minister for Parliamentary Affairs wants to say something*. ..*(Interruptions)*....

SHRI SURINDER KUMAR SINGLA: Sir, I want to ask only one thing. ....*(Interruptions)*...

SHRI VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): When the Home Minister, comes, he will reply ...*(Interruptions)*...Kindly take your seat now. ...*(Interruptions)*... The Minister for Parliamentary Affairs wants to make his point. Mr. Singla, take your seat please.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF URBAN AFFAIRS AND EMPLOYMENT AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (DR. U. VENKATESWARLU): Sir, I am thankful to you for giving me this opportunity. ...*(Interruptions)*....

श्री एस॰एस॰ अहलुवालिया: इतने दिन ये क्या करते रहे? ...(व्यवधान)

DR. U. VENKATESWARLU: Sir, Government is equally concerned about the incident that has taken place. Sir, the hon. Home Minister has been to this spot.
...(Interruptions)....

SHRI SURINDER KUMAR SINGLA: What was he doing earlier? ....*(Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Kindly take your seat. I told you this earlier also ....*(Interruptions)...*

SHRI AJIT P.K. JOGI: Sir, people were dying there and the Home Minister.....*(Interruptions)....*

SHRI SURINDER KUMAR SINGLA: What was he doing for the last four days? ....*(Interruptions)*....Sir, I have only one question to put .....*(Interruptions.)*....

THE VICE-CHAIRMAN(SHRI V. NARAYANASAMY): When the Home Minister comes, he will reply. Now let the Minister for Parliamentary Affairs say something. If you do not want to listen to him, I would ask him to sit down.

SHRI AJIT P.K. JOGI: When Rome was burning Nero was fiddling....*(Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Do you want to hear the Minister or not? If you do not want to hear him, then I will ask Dr. Biplab Dasgupta to speak.

श्री एस०एस० अहलुवालिया: 4 दिन तक क्या किया है इन्होंने? इन 4 दिनों में क्या कार्यवाही की गई? क्या रिलीफ वर्क किया? क्या प्रिकाशंस लिए?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Kindly sit down...*(Interruptions)* I cannot control you. Kindly take you seat.

SHRI SURINDER KUMAR SINGLA: What was he doing for the last four days?

SHRI P.K. JOGI: When Rome was burning, Nero was fiddling. ...*(Interruptions)....*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Mr. Singla, you have made your point. ....*Interruptions)*... Do not rise everytime. ....*(Interruption)...*

DR. U. VENKATESWARLU: Sir, I am not going to make a detailed statement on this subject. I want to share information with the House that the hon. Home Minister had been to this spot this morning. ...*(Interruptions)...*

Sir, he may return at any moment and this evening he may make a detailed statement on that. Any clarification on that issue can be asked only after the statement is made. At this point of time, let the hon. Members make a mention...*(Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): I told Mr. Biplab to speak. You had your chance. You kindly take your seat. You have to speak whenever permission is given to you. Mr. Singla, you cannot jump up every time.

DR. BIPLAB DASGUPTA: Sir, one of the reasons why this kind of tragedy keeps on recurring is because of the problem of information and the administration does not always give the information to the pilgrims. I think one of the things which people going from the plains do not know is that the weather conditions in the hills can change within 24 hours or even there may be a change within 10 hours.

SHRI S.S. AHLUWALIA: What is Meteorological Department doing? Crores and crores of rupees are spent on Meteorological Department...*(Interruptions)*...Why was information not shared with the pilgrims?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Mr. Ahluwalia, kindly take your seat. He is an hon. Member and he has the right to speak...*(Interruptions)*...

SHRI SURINDER KUMAR SINGLA: Why is he talking about weather changes within 24 hours or 10 hours? Is he a weather scientist?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Mr. Singla, I cannot call you several times to sit down(Interruptions)...
Whatever Mr. Singla says should not go on record.

DR. BIPLAB DASGUPTA: One of the first things that the Government should do is to inform the pilgrims about the weather conditions. This they have not done probably. This is something which should be done as a matter of urgency in the future pilgrimages whenever they are arranged. Similarly, my view is that not only Pilgrims should be told about the requirements for garments, which they may not know, but also there must be some arrangement for the supply of garments on hire at different points as many people may not be able to afford them. There should be a system for providing the garments on hire along the journey so that while they are coming back they can return those garments. This system can help a large number of people who are going there and who may not have the money to buy those garments.

Similarly, regarding accommodation, I feel that sometimes, not only for this particular pilgrimage but also for pilgrimages in other parts of the country, we take things for granted. Rather than taking this for granted, we should take into account such disasters which have been happening quite regularly in our country, when a large number of people gather, then millions of people gather, and there is not enough administrative organisation to sort out their problems such as water supply, sanitation and also other requirements including the sort of things which lead to accidents. I agree with the sentiments expressed by some the hon. Members. So, I would certainly like the Government to give the issue the maximum amount of importance that it deserves. Information, which is very important, should
be given to all the pilgrims regarding the "dos" and "dont's", which is not done. This can be done in the form of leaflets and all that.

Another point which has been made by our friend, Shri Pachouri, is regarding availability of information. I think, now, the relatives of people who have gone on this pilgrimage are worried. They want to know what has happened to them. There has to be a properly installed and managed system of giving information to the relatives regarding what has happened to whom, who has died, who is injured, who is where, when they are going to come back, etc. Such information should be made available.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Kindly conclude, Mr. Biplab Dasgupta.

DR. BIPLAB DASGUPTA: I am concluding. In conclusion, I would request the Government to take into account the suggestions made by me.

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY (Andhra Pradesh): Mr. Vice-Chairman, Sir, thank you for permitting me to associate myself with the sentiments expressed by my hon. colleagues.

श्री लक्ष्मीराम अग्रवाल (मध्य प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदय, मैंने भी नोटिस दिया है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): The names are there. I am calling as per the list.

श्रीमती रेणुका चौधरी (आन्ध्र प्रदेश): यह क्या है।....(व्यवधान)

श्री एस० एस० अहलुवालिया: चेयर से टाईम मांग रहे हैं....(व्यवधान)

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY: I cannot express adequately my anguish over the tragedy that had taken place. Of course, my hon. colleagues have made several, very valuable, suggestions. We had an acrimonious debate as to the rightness and wrongness in handling this. Somewhere along we lost our way and we added a little political colour also to it.

The tragedy lies in the attitude of various Government at various levels. When such a tragedy takes place, we seem to think that the people of our country, the citizens of our nation, going on a pilgrimage is their private matter. We seem to think that the Government has no accountability in regard to it. This is not correct.

